# University in News on 28 October 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

**HINDUSTAN PAGE 7**

## चार विषयों के लिए सीटें ऑनलाइन आवंटित कीं

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

एलयू में पीजी पाठ्यक्रमों में चार विषयों एमए/एमएससी स्टैटिक्स, एमए/एमएससी फोरेंसिक साइंस, एमजेएमसी और एमएससी फूड टेक्नोलॉजी का सीट एलॉटमेंट अभ्यर्थी के लॉगइन पर उपलब्ध करा दिया गया है। 30 अक्तूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करनी है।

**पीएचडी संस्कृत के नतीजे जारी**

रेगुलर फुलटाइम पीएचडी परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर संस्कृत के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी हो गई। एलयू की वेबसाइट पर मेरिट देख सकते हैं। 28 से 30 अक्तूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करनी है।

### परिसर में आज से दो दिन तक बिखरेंगे मानस के रंग

लखनऊ विश्वविद्यालय सांस्कृतिकी की ओर से गुरुवार को दो दिवसीय अवध उत्सव आयोजित किया जाएगा। रामायण की कथा को केन्द्र में रखकर कार्यक्रम में पहले दिन गुरुवार को भौतिक विज्ञान विभाग में मधुबनी पेंटिंग, नृत्य-गायन, प्रश्नोत्तरी, कहानी, स्लोगन, पोस्टर, क्ले मॉडलिंग शामिल हैं। शुक्रवार को नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी जिनमें राम चरित मानस के प्रमुख प्रसंगों का मंचन होगा और संदेश दिए जाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## एमए और एमएससी के कोर्सों की मेरिट जारी

### मेरिट सूची के सापेक्ष सीटें भी आवंटित, संबंधित विभाग ऑनलाइन करेगा प्रमाणपत्रों की जांच, 30 तक जमा होगी फीस

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को एमए और एमएससी के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रोविजनल मेरिट सूची जारी कर दी है। छात्र विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर पीजी प्रोग्राम में जाकर मेरिट सूची देख सकते हैं।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमए व एमएससी स्टैटीस्टिक्स, एमए व एमएससी फोरेंसिक साइंस, मास्टर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी की मेरिट सूची जारी की गई है। वहीं, मेरिट सूची के सापेक्ष सीट आवंटन भी कर दिया गया है, जो छात्रों के लॉगइन पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिन छात्रों को सीट अलॉट हुई है उनकी पात्रता की जांच संबंधित विभाग ऑनलाइन करेगा। विभाग की जांच के बाद पात्र छात्रों को अपने लॉगइन के माध्यम से 30 अक्तूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करानी होगी।



**संस्कृत में पीएचडी के चयनित छात्रों की सूची जारी**

वहीं, लविवि ने संस्कृत विषय में पीएचडी प्रवेश के लिए आयोजित लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयनित छात्रों की भी सूची जारी कर दी है। छात्र वेबसाइट के एडमिशन पेज पर पीएचडी प्रोग्राम में जाकर सूची देख सकते हैं। चयनित छात्र 30 अक्तूबर तक अपने लॉगइन आईडी के माध्यम से फीस जमा करा सकते हैं।

**SWATANTRA BHARAT PAGE 3**

## लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी के विषयों की मेरिट लिस्ट जारी

स्वतंत्रभारत संवाददाता, लखनऊ।

विश्विद्यालय की सत्र 2021-22 की प्रवेश के अंतर्गत स्टैटिक्स, फोरेंसिक साइन्स , मास्टर्स इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन और फ़ूड टेक्नोलॉजी की प्रोविजिनल कम्पलीट मेरिट सूची विश्विद्यालय के ऑफिशियल पेज पर जारी कर दी गयी है । विद्यार्थी वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम्स में मेरिट लिस्ट देख सकते है । विषयों में उपलब्ध परास्नातक सीटो के सापेक्ष मेरिट के अनुसार सीट आवंटन किया गया है। आवंटन की सूचना अभ्यर्थी के लॉगिन पर उपलब्ध है । जिन अभ्यर्थियों को सीट एलाट हुई है उनकी पात्रता की जांच विभाग द्वारा की जाएगी तदोपरांत पात्र अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लॉगिन द्वारा फीस जमा करनी होगी । फीस जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है ।

संस्कृत विषय के लिए अभ्यर्थियों सूची जारी

विश्वविद्यालय की रेगुलर फुल टाइम पीएचडी. प्रवेश (सत्र 2020-21) की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर संस्कृत विषय के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमीशन पेज में पीएचडी प्रोग्राम में जाकर सूची देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 28.10.2021 से 30.10.2021 तक अपने लागइन आईडी का प्रयोग करके अपनी फ़ीस आनलाइन जमा करने का निर्देश दिया गया है ।

**PIONEER PAGE 3**

## 100 वर्ष के सफर को यादगार बनाने की एलयू में तैयारी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अपनी स्थापना के 100 वर्ष के पूरे होने पर हैप्पी एंडिंग को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने एक कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी यह तय करेगी कि कौन कौन से कार्यक्रम कराये जाएं जिससे शहरवासियों के साथ ही पूरे प्रदेश का ध्यान विवि की तरफआकृष्ट किया जा सके।

विवि का स्थापना प्रतिवर्ष 25 नवम्बर को मनाया जाता है। विवि के 100 वर्ष पूरे होने पर पिछले साल में कोरोनकाल होने के बावजूद विवि की तरफ से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। जिसमें वर्चुअल तौर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सहभागिता की थी। पीएम के अलावा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई विभूतियों ने शिरकत कर शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने में मदद की थी। वैसे तो विवि की तरफसे शताब्दी वर्ष के लिए साल भर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए खाका तैयार किया गया था मगर कोरोना की सेकेंड वेव के चलते सभी प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए। इधर कोरोना की सेकेंड वेव के समाप्त होने के बाद और अगले माह स्थापना दिवस को देखते हुए विवि की तरफसे तैयारियां शुरू की जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल की तर्ज पर इस बार भी स्थापना दिवस के आस पास दीक्षांत समारोह मनाया जाएगा। जिससे दोनों कार्यक्रम एक साथ सम्पन्न किये जा सकें।

स्थापना दिवस को लेकर कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी की रिपोर्ट आ जाय, उसके बाद सभी चीजें मीडिया के साथ शेयर की जाएंगी।

**प्रो. आलोक राय, कुलपति लविवि**

**i-NEXT PAGE II**

## शताब्दी वर्ष की एंडिंग भी होगी शानदार

### स्थापना दिवस के दौरान ही होगा दीक्षांत समारोह

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (27 Oct): अपने शताब्दी वर्ष की हैप्पी एंडिंग की तैयारी लखनऊ यूनिवर्सिटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. इसके लिए वीसी प्रो. आलोक राय ने कमेटी का गठन कर किया है, जो तय करेगी कि कौन सा कार्यक्रम कब होगा.

**दोबारा शुरू की गई तैयारियां**

यूनिवर्सिटी का स्थापना 25 नवंबर को मनाया जाता है. यूनिवर्सिटी के 100 वर्ष पूरे होने पर पिछले साल कोरोना होने के बावजूद कई कार्यक्रम आयोजित किये गए थे, जिसमें वर्चुअल तौर पर पीएम मोदी ने सहभागिता की थी. वहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी सहित कई विभूतियों ने शिरकत कर शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने में मदद की थी. यूनिवर्सिटी की ओर से शताब्दी वर्ष के लिए साल भर कार्यक्रम कराने खाका तैयार किया गया था, लेकिन कोरोना की सेकंड वेव के चलते प्रस्तावित कार्यक्रम रद कर दिए गए थे.



**दीक्षांत समारोह भी होगा**

वहीं कोरोना की सेकंड वेब के समाप्त होने के बाद और अगले माह स्थापना दिवस को देखते हुए यूनिवर्सिटी की तरफ से तैयारियां शुरू की जा रही हैं. अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल की तर्ज पर इस बार भी स्थापना दिवस के आस पास दीक्षांत समारोह मनाया जाएगा, जिससे दोनों कार्यक्रम एक साथ सम्पन्न किये जा सकें.

> **स्थापना दिवस को लेकर कमेटी गठित कर दी गई है. कमेटी की रिपोर्ट आ जाए, उसके बाद सभी चीजें शेयर की जाएंगी.**
>
> **प्रो. आलोक कुमार राय,** वीसी, एलयू

**JAGRAN CITY PAGE I**

## लवि में अवध उत्सव की शुरुआत आज से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 28 और 29 अक्टूबर को दो दिवसीय अवध उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम के चीफ को-आर्डिनेटर आयुष शुक्ला ने बताया कि 28 को सुबह 10.30 बजे से डांस, गायन, रामायण प्रश्नोत्तरी, माडल प्रदर्शनी, मधुबन कलाकृति प्रतियोगिताएं भौतिक विज्ञान विभाग के सभागार में होंगी। वहीं, 29 को दोपहर तीन बजे से मालवीय हाल में देवी स्तुति, गणेश वंदना, रामायण के प्रमुख दृश्यों का प्रस्तुतिकरण होगा।

**FIRST INDIA PAGE 3**

## LU declares admission, seat allotment results

First India Bureau

**Lucknow:** On the basis of written examination and interview for admission (session 2020-21) in Lucknow University's Regular Full time Ph.D., the list of selected candidates of Sanskrit subject has been released.

Candidates can check the list on the LU website. Selected candidates should deposit their fees online using their login id between October 28 and 30, 2021. The result of pool counseling of UP Joint Entrance Exam, B.Ed.-2021-23, conducted by LU in August was declared on Wed. The candidates who have been allotted seats can login to the website till Oct 30, download the confirmation letter and report immediately after contacting the allotted college. Further, the Provisional Complete Merit List of MA and M.Sc. Statistics, MA /M.Sc Forensic Science, Master of Journalism, and M.Sc. Food Tech has been released on the university website.